हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 21 अक्टूबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 घाट पहुंचकर प्रतिमाओं व ज्वारों का विसर्जन



05 संपत्तियों की बाजार कीमत 64 करोड़ से अधिक आंकी, जमीनों का...



खबर संक्षेप

किसानों की पंजीयन अवधि 24 अक्टूबर तक

नर्मदापुरम। राज्य शासन ने किसानों के व्यापक हित में ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन के पंजीयन की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। भारत सरकार की भावांतर योजना में खरीफ 2026 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अवधि 3 से 17 अक्टूबर तक निर्धारित थी। इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये गये हैं। उन्हें पंजीकृत कृषकों का सत्यापन भी इस अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण होगा

नर्मदापुरम। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मध्यप्रदेश में 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समय-सारणी निर्धारित की गई है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने आयोग के निर्देश अनुसार प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

नर्मदापुरम। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैदानी स्तर पर किसानों से निरंतर संपर्क कर उन्हें संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए जागरूक करें। साथ ही डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए एनपीके खाद का उठाव सुनिश्चित कराया जाए। कलेक्टर वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। खाद की कालाबाजारी और अमानक उर्वरक की बिक्री किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग सघन जांच अभियान चलाएं।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिलेवासियों को दी पर्व की शुभकामनाएं, पुलिस वाहनों और शस्त्रों की हुई पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विजयदशमी पर्व के अवसर पर मंगलवार को पुलिस लाइन, नर्मदापुरम में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सम्मिलित हुईं और विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक चंद्रशेखर सोलंकी शुक्ला, पुलिस उपमहानिरीक्षक वीरेंद्र सिंह, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा, दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य विकास नारोलिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं पुलिस विभाग का अमला उपस्थित रहा।

कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने जिलेवासियों को विजयदशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा



कि विजयदशमी बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। इस पावन पर्व पर हम सभी को अपने भीतर की बुराइयों और अहंकार का त्याग करने का संकल्प लेना चाहिए।

सांसद नारोलिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शस्त्र पूजन की प्राचीन परंपरा को सामाजिक एवं प्रशासनिक स्तर पर जोड़ने का प्रयास किया है। शस्त्र पूजन की परंपरा धर्म, न्याय और राष्ट्र रक्षा से जुड़ी हुई है। विजयदशमी पर शस्त्र पूजन केवल अस्त्र-शस्त्रों की पूजा नहीं, बल्कि शौर्य, पराक्रम और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर भी है। इस अवसर पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिलेवासियों को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में विजयदशमी का पर्व शांति, सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा ने कहा कि शस्त्र पूजन वर्षों से चली आ रही प्राचीन परंपरा है। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विजयदशमी के अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की उपस्थिति में पुलिस लाइन में विधि-विधान से शस्त्र पूजन संपन्न किया गया।

अधिकारियों ने किए हवाई फायर



शस्त्रों और पुलिस वाहनों की पूजा के बाद अधिकारियों ने राइफल थ्री नॉट थ्री से हवाई फायर किया। आईजी चंद्रशेखर सोलंकी, डीआईजी बीरेन्द्र सिंह, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ और एसपी सांई कृष्णा थोटा ने एक साथ फायर किया। इसके बाद एएसपी अभिषेक राजन, डीएसपी संतोष मिश्रा, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सीमा बडोले, ट्रैफिक निरीक्षक सुनीता पटेल और महिला थाना प्रभारी राखी मौर्य ने भी हवाई फायर किया।

एकलव्य वेयरहाउस में सरकारी मूंग चोरी करने की कोशिश

लोगों ने एक को पकड़कर पीटा, दूसरा फरार, पहले भी हो चुकी है मूंग चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माखननगर ब्लॉक के गोरा स्थित एकलव्य वेयरहाउस में सोमवार रात सरकारी मूंग चोरी करने की कोशिश का मामला सामने आया है। इसी वेयरहाउस से करीब आठ महीने पहले लगभग 4 करोड़ रुपए की सरकारी मूंग चोरी होने का मामला उजागर हुआ था। सोमवार रात करीब 9:45 बजे दो संदिग्ध जाली वाला गेट तोड़कर वेयरहाउस के अंदर घुस गए। चौकीदार से जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एक संदिग्ध को पकड़ लिया उसकी पिटाई भी की, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर, वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के ब्रांच मैनेजर हेमंत चंदेल और एसआई अशोक बरबड़े पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वेयरहाउस के अंदर मिले संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में लिया। बताया गया कि वह नशे की हालत में था। रात करीब 11 बजे उसे थाने ले जाया गया।

एकलव्य वेयरहाउस में सोमवार रात सरकारी मूंग चोरी करने की कोशिश का मामला सामने आया है।



जाली वाला गेट टूटा मिला

इसके बाद रात करीब 12:30 बजे तक वेयरहाउस के गेट और तालों की जांच की गई। शुरुआती जांच में गेट और ताले सही स्थिति में मिले, जबकि जाली वाला गेट टूटा हुआ पाया गया। वेयरहाउस में रखी सरकारी मूंग के स्टॉक में कमी हुई है या नहीं, यह विस्तृत जांच और गिनती के बाद ही स्पष्ट होगा। माखननगर थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर ने बताया कि एक संदिग्ध वेयरहाउस के अंदर मिला है और जाली वाला गेट टूटा हुआ था। मूंग चोरी का मामला उजागर होने के बाद वेयरहाउस में रखे स्टॉक की जांच की गई थी। उस समय यहां करीब 21 करोड़ रुपए की मूंग रखी होने की जानकारी सामने आई थी। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान कुछ बोरियों में मिट्टी मिलने की बात भी सामने आई थी। सूत्रों के हवाले से यह भी कहा गया था कि फरवरी में वेयरहाउस में आग लगाने की तैयारी थी, लेकिन उससे पहले मामला उजागर हो गया। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है। वेयरहाउस सील किए जाने के नौ दिन बाद माखननगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में कनकधारा वेयरहाउस के संचालक तारेश पुरोहित, तत्कालीन शाखा प्रबंधक श्याम होसले और वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के जिला प्रबंधक वासुदेव दावंडे को आरोपी बनाया गया था।

पहले 4 करोड़ की मूंग चोरी हो चुकी

फरवरी 2026 में इसी एकलव्य वेयरहाउस से करीब 4 करोड़ रुपए की सरकारी मूंग चोरी होने का मामला सामने आया था। आरोप था कि करीब 9,900 बोरियों से मूंग निकालकर बेच दी गई और बोरियों में मिट्टी-रेत भर दी गई। इस मामले में वेयरहाउस संचालिका आरती तोमर, उनके पति नरेंद्र तोमर और भाई अमित तोमर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई थी। वहीं, देवेश राजावत, अमर कोल और इटारसी की इंडस्ट्रीज के कर्मचारी मुजीब अहमद को पुलिस अब तक पकड़ नहीं पाई है। पुलिस के अनुसार, अब तक करीब डेढ़ करोड़ रुपए की मूंग खपाए जाने की जानकारी मिली है। शेष करीब ढाई करोड़ रुपए की मूंग कहां बेची गई और कथित चोरी के नेटवर्क में कौन-कौन शामिल था, इसका पूरा खुलासा होना बाकी है।

जमीनी विवाद में भाई ने भाई पर किया त्रिशूल से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदेरी में गत दिवस जमीनी विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर त्रिशूल से हमला कर दिया। जिसमें बड़े भाई को चोटें आई हैं। मामले में पुलिस थाना सोहागपुर में प्रकरण दर्ज किया गया है।

सोहागपुर थाने में पदस्थ एएसआई गणेश राय द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार फरियादी हेमराज विश्वकर्मा पिता छोटेवीर विश्वकर्मा निवासी सोनपुर खजूरी आनंद नगर थाना अवधपुरी भोपाल के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी धनराज विश्वकर्मा एवं शिवम विश्वकर्मा दोनों निवासी भोपाल के खिलाफ दर्ज कराई गई है। जिसके अनुसार फरियादी मूलतः ग्राम चंदेरीवासी है तथा विगत 28 वर्षों से भोपाल में रहकर फर्नीचर का काम करता है। छोटा भाई धनराज भी उसके परिवार के साथ भोपाल में रहता है। गत दिवस फरियादी पत्नी मंजू विश्वकर्मा के साथ पैतृक गांव चंदेरी पूजन के लिए आया था। छोटा भाई धनराज एवं उसका लड़का शिवम भी परिवार के साथ चंदेरी आए थे। सोमवार रात्रि करीबन 9:30 बजे घर पर मंदिर में पूजा चल रही थी।

तभी छोटा भाई धनराज पुराने जमीनी विवाद को लेकर गंदी-गंदी गालियां देने लगा। फरियादी ने मना किया तो छोटे भाई धनराज ने मंदिर का त्रिशूल उठाकर मारा। जो फरियादी हेमराज को लगने से दाहिने हाथ के पंजे पर और कोहनी पर चोटें आई हैं। शिवम ने हाथ मुक्का से मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट एवं अन्य धाराओं का प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

पुराने बस स्टैंड के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन

इटारसी। मंगलवार शाम 6 बजे कांग्रेसियों ने पुराने बस स्टैंड को बंद करने के विरोध में जयस्तंभ चौक पर प्रदर्शन किया। उन्होंने **RTO** के आदेश की प्रति का पुतला फूंका और पुराने बस स्टैंड पर बसों के लिए 5 मिनट का स्टॉपेज शुरू करने की मांग की। कांग्रेसियों का कहना है कि इससे यात्रियों को शहर के बीच से बसों में चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी। प्रदर्शन की अगुवाई कांग्रेस सेवादल यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी ने की। प्रदर्शनकारियों ने **RTO** के आदेश के खिलाफ नारेबाजी की।

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने किया 3 लाख की लागत से बने टीन शेड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व नवमी के शुभ अवसर पर अपने गृह नगर नर्मदापुरम के वार्ड क्रमांक 13 स्थित देवभूमि-वैदिक विहार कॉलोनी में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपनी सांसद निधि से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया। सांसद निधि से लगभग 3 लाख रुपये की लागत से इस टीन शेड का निर्माण कराया गया है। इस टीन शेड के बनने से कॉलोनीवासियों को सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। यह जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



लोकार्पण समारोह में सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह, दूरसंचार सलाहकार समिति (TAC) के सदस्य विकास नारोलिया, अतुल भंडारी, देवभूमि वैदिक विहार जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष शिवराज चंद्रोल, शशांक शुक्ला, लोकेश चौहान , मनोज चंद्रोल, घनश्याम जैसवाल, ध्रुव यादव, निलेश गौर, आनंद यादव, दीपक वर्मा, अभिषेक दुबे संजय गौर, मनोज केवट, सोनू गौर, अमित गौर, जितेन्द्र मालवीय अजय वर्मा लखन राजपूत राघव गौर सहित समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

तवा डेम में मिला मादा सांभर का शव, टीम कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के तवा डैम में मंगलवार सुबह मादा सांभर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। डैम के कंट्रोल रूम के पास किनारे पर पानी में सांभर मृत अवस्था में मिला। उसकी उम्र करीब ढाई साल बताई जा रही है। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। वन विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 8:30 बजे डैम के कर्मचारियों ने पानी में किनारे पर सांभर का शव देखा। सूचना मिलने पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) के चूरना वन क्षेत्र और सामान्य वन मंडल की टीमें मौके पर पहुंचीं। दोनों वन क्षेत्रों की सीमा तय करने के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद शव को एसटीआर के चूरना वन परिक्षेत्र में ले जाया गया। वहां पोस्टमार्टम के बाद उसे जला दिया गया।



फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि सांभर का शिकार हुआ था, वह कहीं से बहकर आया था या उसे पानी में फेंका गया था। चूरना की टीम इन सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

पक्का आवास मिलने से परिवारों में खुशी सुरक्षित आशियाने का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में दशहरा पर्व के अवसर पर नगर परिषद बनखेड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 हितग्राही परिवारों को गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, हितग्राही एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। दशहरा के पावन अवसर पर अपने पक्के घर में प्रवेश कर हितग्राही परिवारों के लिए यह दिन विशेष खुशियां लेकर आया। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्का एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, ताकि वे अपने परिवार के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक घर बना सकें। योजना के माध्यम से परिवारों को केवल आवास की सुविधा ही नहीं मिल रही, बल्कि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।





श्रीराम के बाण से बुराई का हुआ अंत, हुई असत्य पर सत्य की जीत, धूं-धूं कर जला रावण का अहंकार, भक्तों ने लगाए जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के दशहरा मैदान में मंगलवार शाम विजयादशमी पर रावण दहन किया गया। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, कलेक्टर आशीष वशिष्ट, एसपी सांई कृष्णा थोटा, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव और रामलीला समिति के अध्यक्ष गिरिजा शंकर शर्मा ने अग्नि बाण छोड़कर रावण के पुतले में आग लगाई। 35 फीट का पुतला करीब 2 मिनट में जलकर गिर गया।

रावण दहन के साथ आतिशबाजी की गई। इसके बाद भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की आरती की गई। कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में शहरवासी दशहरा मैदान पहुंचे।

रामलीला समिति के कलाकारों ने शाम 5 बजे राम-रावण युद्ध का मंचन शुरू किया। करीब एक घंटे तक मंचन चला। शाम 5:45 बजे जुमेराती क्षेत्र की मां काली की प्रतिमा दशहरा मैदान पहुंची। इसके बाद शाम 5:58 बजे अग्नि बाण से रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतला दो मिनट में





जलकर गिर गया। इस दौरान विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, रामलीला समिति के अध्यक्ष और पूर्व विधायक पंडित गिरिजा शंकर शर्मा, मेला प्रबंधक वैभव शर्मा और संयोजक प्रशांत दुबे मुन्नू भैया सहित अन्य लोगों ने भगवान राम की आरती की।

वहीं श्रीरामलीला का मंचन अब पुनः सेठानी घाट पर किया जाएगा। जहां सीता जी से मिलन, विभिषन जी का राजतिलक आदि की लीलाएं की जाएंगी।

लोगों ने बांटा स्वर्ण पत्र

विजयादशमी के दिन बड़ों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने और मित्रों व परिचितों को 'सोना' देने की परंपरा शहर में पूरी श्रद्धा के साथ निभाई गई। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को स्वर्ण पत्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं। सनातन संस्कृति में दशहरे के दिन सोना बांटने की परंपरा का विशेष महत्व है। इसे सुख, समृद्धि, मान-सम्मान और विजय का प्रतीक माना जाता है। इस दिन आपामार्ग और शमी वृक्ष के पत्तों को स्वर्ण के रूप में एक-दूसरे को आदर सहित भेंट किया जाता है।

प्रशासन के इंतजाम के बीच हुआ देवी प्रतिमा का विर्सजन

नौ दिनों की आराधना के बाद नम आंखों से भक्तों ने दी मां को विदाई, नवरात्र का हुआ विश्राम, मनाया दशहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शारदीय नवरात्र की पूर्णाहुति और विजयादशमी (दशहरा) के पावन पर्व के साथ ही नर्मदापुरम जिले में नवरात्र उत्सव के दौरान स्थापित की गई प्रतिमाओं का विसर्जन आरंभ हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक मां को विदाई देने के लिए भक्तों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। नर्मदा नदी के प्रमुख घाटों पर सुबह से ही प्रशासनिक और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच विसर्जन यात्राएं पहुंची।

भक्तों का सैलाब और श्रद्धा

जय माता दी के जयकारों के साथ श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और



पारंपरिक अखाड़ों के साथ नर्मदा तटों पर पहुंच रहे हैं। हर कोई नम आंखों से मां को विदाई दे रहा है।

सुरक्षा के कड़े इंतजामः

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा नर्मदा नदी के घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए बेरिकेडिंग की गई है और गोताखोरों व सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है।

यातायात और भीड़ नियंत्रणः

विसर्जन जुलूस के दौरान शहर के मुख्य मार्गों पर सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

दिन भर चले भंडारे

नर्मदापुरम नगर में विभिन्न पंडालों और मंदिरों में हवन शांति के बाद कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया जो देर रात तक जारी रहा। इस दौरान सैंकड़ों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। साथ देवी धाम दूसारी ओर विजयादशमीं पर शहर में दिन भर उत्सव का माहौल रहा जहां लोगों ने अपने वाहनों की पूजन किया। अनेक देवी पंडालों में देवी विसर्जन के लिए तैयारी की जा रही थी।

खबर संक्षेप



नगर में धूमधाम से मनाई दुर्गा नवमी

शाहपुर। शारदीय नवरात्र के नवमी पर्व पर शाहपुर नगर में विभिन्न जगहों पर मां दुर्गा, महाकाली, भोलेनाथ, पार्वती माँ, साईं बाबा की प्रतिमाओं के समक्ष पूजा-अर्चना की गई। जगह-जगह पर गरबे का आयोजन किया। प्रतिमाओं के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। प्रतिदिन पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन का भी आयोजन किया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। अष्टमी के दिन हवन पूजन किया गया। नवमी के दिन कन्या भोज का आयोजन एवं भंडारे प्रसादी का आयोजन किया गया।

पवार समाज ने कुलदेवी मां गढकालिका का किया पूजन



बैतूल। नवरात्रि के पर्व पर पवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच एवं जिला क्षत्रिय पवार समाज संगठन के संयुक्त तत्वावधान में पवार समाज की कुल देवी मां गढकालिका का सामुहिक हवन-पूजन, पवार समाज मंगल भवन कालापाठा में गायत्री परिवार बैतूल के सौजन्य से संपन्न हुआ। पूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ जन कल्याण मंच के अध्यक्ष कैप्टन एलआर पवार, क्षत्रिय पवार समाज संगठन जिला के अध्यक्ष रामराव घाघरे पूर्व संगठन अध्यक्ष किसनलाल बुआडे, बाबूलाल कालभोर, अनिल पवार पिंजारे युवा संगठन अध्यक्ष राहुल पवार, सदस्यों एवं मातृशक्ति की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर पर वरिष्ठ जन कल्याण मंच के सचिव अविनाश देशमुख ने कहा कि भोयर, पवार, परमार वंश की कुलदेवी मां गढ?ालिका आराध्य देवी है। जिनका पूजन विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न तिथियों में किया जाता है, किन्तु शारदीय नवरात्र का देवी पूजन का एक विशिष्ट महत्व है। इसी महत्व को देखते हुए हम नवरात्र की नवमी तिथि पर से माता गढकालिका का पूजन हवन कर रहे हैं। पूजन हवन कार्यक्रम संपन्न कराने में युगल किशोर डिगरसे का सराहनीय योगदान रहा एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेमलाल ओमकार, अमृतलाल रबड़े, केएल चौधरी,केएल डिगरसे, मुन्नालाल डहारे, विजय बारंगे, मुन्नालाल देवासे, जनकलाल पवार, युगलकिशोर डिगरसे, बाबूराव पवार, अविनाश देशमुख, दिनेश डिगरसे, जगदीश परिहार,भैयालाल घाघरे, केशवराव डोंगरदिया, शुभम पवार, तिलका चौधरी, पुष्पा डिगरसे, ललिता देवी रबड़े, का सराहनीय योगदान रहा। आभार प्रवक्ता बाबू राव पवार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि पवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच प्रति वर्ष नवमी तिथि पर सामुहिक रूप से हमारी कुल देवी गढकालिका का पूजन करेगा और सभी सामाजिक संगठनों से भी अनुरोध किया कि एक निर्धारित तिथि नवमी को ही हम पूजन करेंगे। इस अवसर पर समाज के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

नाबालिग लड़की ने बॉयफ्रेंड के घर खाया ज़हर, मौत

बैतूल। चिचोली थाना क्षेत्र की एक गांव की 16 वर्षीय लडक़ी की जहरीला पदार्थ खाने के बाद जिला अस्पताल में मौत हो गई। लडक़ी को बेहोशी की अवस्था में अस्पताल पहुंचाने वाले 17 साल के लडक़े को पुलिस ने हिरासत में लिया है और चिचोली पुलिस के हवाले कर दिया है। बताया जा रहा है कि लडक़ी सोमवार को घर वालों से बाजार जाने का कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद एक लडक़ा उसे बेहद नाजुक हालत में चिचोली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा। लडक़ी की स्थिति बिगड़ती देख डॉक्टर ने उसे तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां मंगलवार तडक़े दौरान उसने दम तोड़ दिया। उप निरीक्षक मुजफ्फर हुसैन ने बताया कि दोनों के बीच दूसरे जिले में मजदूरी करने के दौरान जान-पहचान हुई थी, जो बाद में प्रेम प्रसंग में बदल गई।

श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ दी मातारानी को विदाई

घाट पहुंचकर प्रतिमाओं व ज्वारों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

एक-दो-तीन-चार दुर्गा जी की जय-जयकार ... जैसे गगनचुंभी जयघोषों के साथ ढोल-ढमाके, आतिशबाजी करते हुए मंगलवार को सैकड़ों भक्तों ने आदिशक्ति जगत-जननी मां दुर्गे की प्रतिमाओं को विदाई दी। नवरात्र महापर्व के अंतिम दिन मैय्यारानी की प्रतिमाओं के साथ आकर्षक झांकियां शहर की सडक़ से होती हुई विसर्जन घाटो की ओर बढ़ रही थी।

शारदेय नवरात्रि में जगत-जननी माताराणी को विराजित कर नौ-दिनों तक अपने सामथ्र्य के अनुसार उपासना करने के पश्चात भक्तों ने मंगलवार नम आंखों से माताराणी की प्रतिमाओं को विसर्जित किया। नदी, घाटों और जलाशयों पर प्रतिमाओं का विसर्जन करने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था। भक्त सुंदर झांकियां सजाकर प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल ले जा रहे थे। प्रतिमाओं



के विसर्जन का दौर सुबह से ही शुरू हो गया था। देर रात तक भक्त गाजे-बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जा रहे थे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती उपरांत नदी के जल में प्रतिमाएं विसर्जित की गई।



ज्वारों का विसर्जन

नवरात्रि महापर्व के अंतिम दिन गाजे-बाजे एवं शोभायात्रा के साथ ज्वारों एवं प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नन्हीं-नन्हीं बालिकाओं ने सिर पर जवारे रखकर शोभायात्रा निकाली। दुर्गा पंडालों से प्रारंभ शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए विसर्जन स्थल पहुंची, जहां अंतिम विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात भक्तों ने जवारों का पवित्र नदियों के जल में विसर्जन किया और मैय्या रानी के चरणों में नमन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्रद्धालु ढोलक की थाप पर खूब झूमे। नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए भक्तों की टोली मैय्यारानी की झांकी के सामने चल रही थी तो वहीं बच्चों और युवा गुलाल उड़ाकर मुक्तकंठ से माता के जयकारे लगा रहे थे।

दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़

आकर्षक झांकियों और रंग-गुलाल के गुब्बारों के बीच से गुजरती मां जगदम्बे की प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्त सडकों पर खड़े नजर आए। लोगों ने माता की प्रतिमाओं के अंतिम दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। विदाई की इस बेला पर मां दुर्गे की नयनाभिराम विशाल प्रतिमाओं को देखकर कई श्रद्धालुओं की आंख भी नम हो गई। शहर में हर तरफ माता के जयकारे गुंजायमान हो रहे थे और हर कोई माता की भक्ति में रमा हुआ था। जिससे समूचा शहर मैय्यारानी की भक्ति में डूबा हुआ नजर आया। बच्चे-बूढ़े और महिलाएं भी भारी संख्या में माताराणी को विदाई देने के लिए उपस्थित रहीं।

महाआरती में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

माताराणी की प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व माँ की महाआरती की गई। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए। शहर में नवरात्रि के अंतिम दिन कई स्थानों पर भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तो ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। इसके साथ ही माताराणी के दर्शनों का लाभ उठाया। समितियों द्वारा सोमवार और मंगलवार को भी विशाल भंडारा आयोजित किया। इससे पूर्व हवन-पूजन भी हुए। जिसमें श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति डालकर हवन-कुंड को नमन किया। जिसके बाद भंडारा प्रसादी वितरित की गई। मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों के अलावा शहर के कई लोगों ने भंडारे की प्रसादी ग्रहण की।

बीजासनी माता मंदिर में शारदीय नवरात्र संपन्न, भावपूर्ण विदाई के साथ हुआ ज्वारों का मिलन

546 अखंड ज्योत से प्रारंभ उत्सव का समापन, विशाल भंडारे में लगभग 4 हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



बैतूल। बीजासनी माता मंदिर में 546 अखंड ज्योत के प्रज्ज्वलन एवं विधि-विधान से प्रारंभ हुआ शारदीय नवरात्र महोत्सव भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर माता के स्वरूप रूपी जवारों का ताप्ती माता से मिलन कराया गया। स्तुति, आरती एवं क्षमाप्रार्थना के साथ मंदिर समिति के सदस्यों ने भावपूर्ण विदाई दी। अष्टमी पर दुर्गासप्तशती हवन, नवमी के दिन कन्या पूजन के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में लगभग 4 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। नवरात्र के दौरान ज्योत ज्वारों की सेवा , प्रतिदिन की महाआरती, महाप्रसाद वितरण, भंडारा प्रसादी एवं समिति की सेवा-भक्ति ने शहर में विशेष चर्चा बटोरी। मंदिर समिति ने नवरात्र महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

75 कदम अभियान में 357 किलो पॉलीथिन और प्लास्टिक सामग्री एकत्र



बैतूल। 75 कदम मिशन के 19वें दिन वृंदा सोशल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित अभियान में नागरिकों ने लगभग 357 किलो पॉलीथिन, प्लास्टिक, डिस्पोजल एवं अन्य सामग्री एकत्र कर नगर पालिका को सौंपी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर प्लास्टिक सामग्री फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निवेदन किया गया। अभियान में डॉ. चंद्रशेखर त्रिपाठी, रमेश भाटिया, नारायण मिश्रा, नारायण चढ़ोकार, नवल सिंह ठाकुर, हेमन्त चंद्र, बबलू दुबे, राधेलाल बनखेड़े, नागेन्द्र सरनकर, नईम मामू पत्रकार, मुकेश लल्ली वर्मा, बाली वालिया, विवेक शर्मा, जावेद खान, पिंकी भाटिया, दीप मालवीय, इंदी वालिया, संजय भाटिया, नितेश राजपूत, सत्येंद्र नागले, दीपक नामदेव, आलोक तिवारी, संतोष पांडे, श्रीमती नीलम दुबे, अनिल दुबे और राहुल सिंह ठाकुर सहित अन्य साथी शामिल रहे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री बृजलाल भाटिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अभियान में शामिल सदस्यों ने नागरिकों और सब्जी-फल विक्रेताओं से सार्वजनिक स्थानों पर पॉलीथिन नहीं फेंकने तथा इसके उपयोग से बचने की अपील की।

तेल में कीटनाशक मिलने की आशंका

मक्का के बड़े खाने से परिवार के 5 लोग बीमार, बुजुर्ग की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

धौल गांव में मक्का के बड़े खाने के बाद एक ही परिवार के 5 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। बीमारों में 4 महिलाएं और एक बुजुर्ग शामिल हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर उन्हें आईसीयू में रखा गया है। परिवार ने खाने में इस्तेमाल किए गए तेल से कीटनाशक जैसी तेज गंध आने की आशंका जताई है। घटना के बाद परिवार ने कीटनाशक की एक बोतल और तेल का डिब्बा पुलिस को सौंपा है। तेल में किसी संदिग्ध पदार्थ की मिलावट हुई। इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। परिजनों के मुताबिक, बीती रात घर में मक्का के बड़े बनाए गए थे। खाने पर उनका स्वाद कड़वा महसूस हुआ। इसके बाद खाने में इस्तेमाल किए गए तेल से तेज और संदिग्ध गंध आने की बात सामने आई। कुछ ही देर में परिवार के पांच लोगों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बुजुर्ग की हालत गंभीर है। जबकि अन्य चार लोगों की स्थिति फिलहाल सामान्य है। परिवार ने आशंका जताई है कि तेल में कीटनाशक मिलाया गया हो सकता है। हालांकि, तेल में संदिग्ध पदार्थ की मौजूदगी और उसके वहां पहुंचने के कारणों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि मामला किसी जानबूझकर की गई हरकत का है या किसी अन्य वजह से तेल दूषित हुआ। परिवार ने कीटनाशक की बोतल और तेल का डिब्बा पुलिस को सौंप दिया है।

पुलिस ने तेल-संदिग्ध पदार्थ को जांच के लिए भेजा

कोतवाली में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर छत्रपाल धुर्वे ने बताया कि परिवार द्वारा इस्तेमाल किया गया तेल जब्त कर लिया गया है। इसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। अस्पताल में भर्ती लोगों की छुट्टी होने के बाद उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। इसके बाद मामले की जांच आगे बढ़ाई जाएगी। फिलहाल पुलिस जांच में तेल की गुणवत्ता, संदिग्ध पदार्थ की मौजूदगी और परिवार के सदस्यों की तबीयत बिगडऩे के कारणों का पता लगाया जाएगा। लैब की रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट और पीड़ितों के बयान के आधार पर ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बैतूल जिले के 8 शिक्षक बनेंगे मूल्यांकन सुधार के सूत्रधार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के आकलन एवं मूल्यांकन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल द्वारा आयोजित विशेष प्रशिक्षण में बैतूल जिले के आठ शिक्षक सहभागी बने हैं। यह 30 दिवसीय प्रशिक्षण सितंबर से जनवरी तक पांच चरणों में आयोजित किया जा रहा है। डीकेआरजी टीम के सदस्य रितेश कुमार पठाडे ने बताया कि प्रशिक्षण में शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रश्न निर्माण, सीखने के प्रतिफलों आधारित मूल्यांकन, परिणामों के विश्लेषण तथा विद्यार्थियों की सीखने संबंधी कमियों की पहचान एवं सुधार की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही एनईपी-2020 एवं एनसीएफ-एफएस-2022 के अनुरूप साक्ष्य-आधारित आकलन एवं प्रभावी आइटम बैंक निर्माण की जानकारी भी प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण के लिए चयनित शिक्षकों में भीमराव धोटे, रितेश कुमार पठाडे, बृजेश गढ़वाल, ईश्वर मानकर, संजू कुरकांजी, मुकुंदराव पवार, प्रभावती पवार एवं मीना पाटिल शामिल हैं। प्रशिक्षण उपरांत ये शिक्षक जिले में मूल्यांकन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा जिला स्तर पर असेसमेंट सेल के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

शाहपुर पुलिस की अवैध गौवंश तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

दो वाहनों से 20 गौवंश बरामद, पिकअप व इनोवा कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शाहपुर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे कुल 20 गौवंश बरामद कर दो वाहन जप्त किए गए। दोनों मामलों में वाहन सवार चार आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। शाहपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम देशावाड़ी की तरफ से घोड़ाडोंगरी की ओर पिकअप वाहन में गौवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर महाराष्ट्र की तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम देशावाड़ी स्थित बजरंग मंदिर के पास पुलिया के आगे घोड़ाडोंगरी रोड पर पहुंचे तथा वाहन चेकिंग प्रारंभ की।

इस दौरान उक्त पिकअप वाहन में 12 नग गौवंश ठूंस-ठूंसकर भरे हुए पाए गए, जिनके मुंह एवं पैर बंधे हुए थे। पुलिस को देखकर चालक एवं उसका एक साथी वाहन छोडक़र फरार हो गए। पुलिस ने पिकअप वाहन एवं 12 गौवंश को विधिवत जप्त किया गया। गौवंश की अनुमानित कीमत 60,000 तथा पिकअप वाहन की कीमत 5,00,000, कुल 5,60,000 आंकी गई है। इस प्रकरण में अज्ञात चालक एवं एक अन्य आरोपी के विरुद्ध धारा 4, 6, 9 मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम तथा धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध क्रमांक 479/26 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

इसी प्रकार पुलिस को सूचना मिली थी कि राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर भौंरा की तरफ से बैतूल की ओर इनोवा कार में गौवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर महाराष्ट्र की तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम बाचा स्थित एनएच-46 पर यादव ढाबा के आगे पुलिया के पास पहुंचे तथा वाहन चेकिंग प्रारंभ की। इसी दौरान



उक्त इनोवा कार आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर कार सवारों ने वाहन सडक़ किनारे खड़ा किया और अंधेरे का फायदा उठाकर चालक एवं उसका एक साथी फरार हो गए। कार की तलाशी लेने पर उसमें 07 नग गाय एवं 01 नग बछड़ा, कुल 08 गौवंश, ठूंस-ठूंसकर भरे हुए मिले, जिनके मुंह एवं पैर बंधे हुए थे। पुलिस द्वारा गौवंश एवं इनोवा कार को विधिवत जप्त किया गया। गौवंश की अनुमानित कीमत 38,000 तथा इनोवा कार की कीमत 4,00,000, कुल 4,38,000 आंकी गई है। इस प्रकरण में अज्ञात चालक एवं एक अन्य आरोपी के विरुद्ध धारा 4, 6, 9 मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, धारा 4, 6, 11 मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम तथा धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध क्रमांक 480/26 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। दोनों वाहनों से बरामद कुल 20 गौवंश को सुरक्षार्थ कामधेनु गौशाला, ग्राम हर्राढाना, थाना रानीपुर में रखा गया है। दोनों मामलों में फरार आरोपियों की तलाश एवं पतारसी जारी है। उक्त दोनों त्वरित एवं सफल कार्रवाइयों में थाना प्रभारी शाहपुर निरीक्षक नीरज पाल के नेतृत्व में प्रआर. संजेश धुर्वे, आरक्षक राजेश सेन आदि की रही भूमिका।

रंगीन आतिशबाजियों ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध

धूं-धूंकर जले रावण-कुंभकरण के पुतले, लोगों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व मंगलवार जिले भर में आपसी सद्भाव के साथ मनाया गया। शाम को जगह-जगह रावण का दहन विशेष आयोजनों के साथ किया गया।

जिले का मुख्य समारोह लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित किया गया। यहां रावण दहन देखने हजारों लोग पहुंचे। जय-जय श्रीराम का उद्घोष करने में समूचा नगर ही प्रभु श्रीराम की भक्ति में लीन हो गया। यहां दशहरा पर्व मनाने के लिए अच्छी व्यवस्थाएं की गई थी। पूरे स्टेडियम में आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था थी, जिससे समूचा स्टेडियम रात्रि में जगमगा रहा था। जिससे स्टेडियम की रौनक और बढ़ गई। नागरिकों में भी खासा उत्साह था और समूचा स्टेडियम खचाखच भर गया था। छोटे-छोटे बच्चे भी अपने-अपने परिजनों के साथ बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे। जिन्हें पालकों ने अपने कंधों पर बिठाकर रावण दहन का नजारा दिखाया। लगभग 55 फिट रावण और 50 फिट कुम्भकरण का पुतला दहन किया गया। पुतलों की साज-सज्जा इस तरह की गई थी कि सभी इसकी चर्चा करते रहे। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण सहित विजय जुलूस ढोल-ढमाकों पर थिरकते हुए स्टेडियम पहुंचा। जुलूस में शामिल नागरिक ऐसे प्रतीत हो रहे थे



जैसे सचमुच में रावण का नाश करने जा रहे हो। स्टेडियम में आतिशबाजी करीब एक घंटे तक जारी रही। एक से बढकर एक आतिशबाजी से नहाया आसमान देखते ही बन रहा था। जिला मुख्यालय के अलावा जिले भर में रावण दहन किया गया।

दिन भर होती रही पूजा-अर्चना

दशहरा पर्व पर वाहनों, मशीनों, कारखानों की पूजा अर्चना करने की वर्षों से परंपरा चली आ रही है। आज उसी परंपरा के अनुरूप लोगों ने अपने-अपने वाहनों, कारखानों, मशीनों एवं अस्त्र पूजन किया। दशहरा पर्व पर वाहनों की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व होता है। इसलिए दशहरे के दिन सभी वाहन चालकों ने अपने-अपने वाहनों को पानी से धोए है और धुलाई उपरांत हल्दी, कुमकुम से तिलक लगाकर पुष्प हार चढ़ाए। वाहन चालकों द्वारा वाहनों को सजाने से शहर की सडकों पर फूलों से सजे-धजे वाहन घूमते नजर आए। नंदकिशोर ने बताया कि सारी मशीनों को देवी काली का रूप भी माना जाता है, इसलिए भी दशहरा और दीपावली पर विशेष पूजन होता है।

विजयादशमी पर रक्षित केंद्र में विधि-विधान से हुआ शस्त्र पूजन



बैतूल। विजयादशमी के पावन अवसर पर रक्षित केंद्र बैतूल में विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन किया गया। विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगाबाई उइके, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन कर उपस्थित जनों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि सनातन परंपरा में शस्त्र पूजन धर्म की रक्षा, न्याय की स्थापना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का प्रतीक है। यह परंपरा शक्ति के साथ दायित्व, साहस के साथ मर्यादा और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण के शाश्वत मूल्यों को अभिव्यक्त करती है। इस दौरान अपर कलेक्टर गोपाल सिंह वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, एसडीओपी अन्नपूर्णा सिरसाम सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

विजयदशमी पर निकला आरएसएस का पथ संचलन, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा



बैतूल। विजयदशमी के अवसर पर शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। संघ का संचलन निर्धारित मार्ग से होते हुए न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बैतूल की शिवाजी बस्ती के विजयदशमी उत्सव के तहत स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड पर एकत्रित हुए। यहां से संचलन शुरू हुआ, जो देशबंधु, मोती, गांधी और दुर्गा वार्ड सहित निर्धारित क्षेत्रों से गुजरा। मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गंज बासौदा के जिला प्रचारक एवं प्रांत शालेय प्रमुख राजकुमार बघेल शामिल हुए। नगर संघ चालक संजय गिधोड़े और शिवाजी बस्ती प्रमुख दीपक सोनी सहित संघ के कार्यकर्ता और स्वयंसेवक मौजूद रहे। संघ की ओर से 25 और 26 अक्टूबर को बैतूल नगर की 12 बस्तियों में अलग-अलग पथ संचलन आयोजित किए जाएंगे। इसमें संबंधित बस्तियों के स्वयंसेवक अपने निर्धारित क्षेत्रों में संचलन करेंगे।

खबर संक्षेप

नवरात्रि पूर्णाहुति पर हुए आयोजन

देवास। गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर नवरात्रि के पावन पर्व पर सामूहिक गायत्री महामंत्र का नव दिवसीय अनुष्ठान का क्रम अनवरत रुप से चलाया जाता है जिसमें गायत्री साधक बड़ी संख्या में ब्रह्ममुहूर्त में सामूहिक गायत्री महामंत्र का जप प्राणि मात्र के कल्याण के लिए करते है, उसी की पूर्णाहुति महानवमी को पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से सम्पन्न हुई। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि सोमवार को पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत हुई जिसमें यज्ञोपवीत, दीक्षा, विद्यारम्भ सहित विभिन्न संस्कार निःशुल्क सम्पन्न हुए।

जिला और ब्लॉक स्तर पर मिलेंगे पुरस्कार

देवास। कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा के अंतर्गत वर्ष 25-26 के सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 21 अक्टूबर तक आमंत्रित किये गये है। परियोजना संचालक कमलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि उन्नत कृषि तकनीक, नवाचार, बेहतर उपज एवं उत्पादकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

लोकायुक्त की जांच में अब तक प्रआ फिरोज खान की अचल संपत्तियों का खुलासा

संपत्तियों की बाजार कीमत 64 करोड़ से अधिक आंकी, जमीनों का सत्यापन जारी

14 अक्टूबर को फिरोज खान के ठिकानों पर हुई थी। लोकयुक्त की छापेमार कार्रवाई, संपतियों की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान के निवास और अन्य ठिकानों पर लोकायुक्त की सर्च कार्रवाई के बाद संपत्तियों को लेकर नए तथ्य सामने आए हैं। 14 अक्टूबर को इंदौर उज्जैन लोकयुक्त की संयुक्त छापेमार कार्रवाई फिरोज खान के इंदौर और देवास ठिकानो पर की गई थी। 19 अक्टूबर 2026 तक की जांच में आरोपी द्वारा स्वयं, परिवार, सहयोगियों और फर्म के नाम पर कुल 46 अचल संपत्तियां खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। लोकायुक्त के अनुसार, अब तक चल-अचल संपत्तियों पर कुल 18 करोड़ 79 लाख 79 हजार 531 रुपये खर्च किए जाने का पता चला है। वहीं, इन अचल संपत्तियों की गाइडलाइन कीमत करीब 17 करोड़ 19 लाख रुपये और वर्तमान बाजार कीमत 64 करोड़ 1 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

रंगवासा, लसूड़िया में जमीनों की जानकारी

लोकायुक्त की जांच में पूर्व से ज्ञात संपत्तियों के अतिरिक्त इंदौर जिले की तहसील देपालपुर के ग्राम रंगवासा में कृषि भूमि के कई सौदों की जानकारी मिली है। दस्तावेजों के अनुसार, वर्ष 2023 और 2024 में अलग-अलग तारीखों पर यहां करीब 0.202 से 0.203 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली कृषि भूमि के कई टुकड़े खरीदे गए। इन जमीनों की बताई गई गाइडलाइन कीमत अलग-अलग है।ढइसके अलावा जुलाई 2024 में ग्राम लसूड़िया मोरी, वार्ड क्रमांक 35 में रेड कारपेट के पीछे स्थित 11.7710 हेक्टेयर कृषि भूमि की जानकारी भी सामने आई है। लोकायुक्त के अनुसार, इस जमीन की गाइडलाइन कीमत 3 करोड़ 85 लाख रुपये है।

पत्नी और सहयोगी के नाम से खरीदी जमीनें

जांच में सामने आया है कि उक्त जमीनें स्पार्कवेव रियलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से खरीदी गईं। लोकायुक्त के मुताबिक, यह फर्म आरोपी की पत्नी हिना खान और इंदौर निवासी युवराज पंवार के संयुक्त नाम से संचालित होना पाई गई है। फर्म के कारोबार और संपत्तियों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी जुटाई जा रही है। इन संपत्तियों के संबंध में दस्तावेजों का सत्यापन भी जारी है।



14 अक्टूबर को हुई थी सर्च कार्रवाई

लोकायुक्त पुलिस ने 14 अक्टूबर 2026 को प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान के विभिन्न आवासों और अन्य ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की थी। यह कार्रवाई लोकायुक्त के महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन तथा उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह और इंदौर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के मार्गदर्शन में की गई थी। लोकायुक्त की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, जांच में संपत्तियों के क्रय पर हुए खर्च, उनकी गाइडलाइन कीमत और वर्तमान बाजार मूल्य का आकलन किया गया है।

खेत में काम कर रहे मां-बेटे पर गिरी आकाशीय बिजली

बेटे की मौत, मां गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के पांदा जागीर गांव में सोमवार दोपहर खेत पर काम कर रहे मां-बेटे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। हादसे में 25 वर्षीय बेटे शिवम की मौत हो गई, जबकि उसकी मां निर्मला बाई (35) गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद शिवम को मृत घोषित कर दिया। वहीं, निर्मला बाई की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, पांदा जागीर गांव में सोमवार दोपहर मां निर्मला बाई और उनका बेटा शिवम खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से दोनों उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण दोनों को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने शिवम का परीक्षण किया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल निर्मला बाई को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगे के उपचार के लिए इंदौर भेजा गया है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। खेत में काम के दौरान हुए इस हादसे से गांव में भी दुख की लहर है।

कचरा जलाने पर निगम ने की चालानी कार्रवाई

देवास। स्वच्छता सर्वेक्षण स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की टीम द्वारा सम्पूर्ण वार्डों, मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर कचरा पॉइंट, खुले में कचरा ना डालें इस हेतु नागरिकों में जागरूकता हेतु कार्य किया जा रहा है। वहीं निगम की सहयोगी संस्थाओं के द्वारा भी लोगों में जागरूकता लाने के लिए प्रतिदिन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अंतर्गत निगम की टीम द्वारा भ्रमण के दौरान सिविल लाइन जेपटो प्रतिष्ठान के द्वारा खुले स्थान पर वेस्ट कचरा जलाया जा रहा था। निगम की टीम द्वारा मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई।

परंपरानुसार नर्मदांचल के पुलिस थाने में दशहरे पर किया गया शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

दशहरे पर मंगलवार को थाना प्रांगण में शस्त्र पूजा का आयोजन रखा गया। जिसमें परंपरा अनुसार एवं विधि विधान से विप्र के सानिध्य में शस्त्र पूजा की गई। इसके अलावा शासकीय वाहनों की भी पूजा की गई। पूजन कार्यक्रम में सोहागपुर एसडीओपी अरविंद शाह, थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, सेमरी हरचंद तथा शोभापुर पुलिस चौकियों के प्रभारी एवं थाने का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान नपाध्यक्ष लता पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी भी उपस्थित थे।

माखन नगर थाने में परंपरा अनुसार हुई शस्त्रों की पूजा

माखन नगर। परंपरा अनुसार दशहरा पर प्रतिवर्ष शस्त्र पूजा की जाती है इस वर्ष भी पुलिस थाने में विधि विधान से पुरोहित द्वारा शस्त्र पूजा संपन्न कराई गई शस्त्र पूजा के इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह एवं नगर के जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक मौजूद रहे पुलिस परिवार द्वारा विधायक एवं थाना प्रभारी का साफा बांधकर स्वागत किया गया।



दशहरा पर्व पर परंपरागत तरीके से शस्त्र पूजन किया गया

पिपरिया मंगलवारा थाना प्रभारी आदित्य सैनी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के द्वारा मंगलवारा थाना के शस्त्र गार में दशहरा पर्व पर विशेष पूजा अर्चना करते हुए नगर की सुरक्षा का संकल्प लिया गया।इसी तरह से पचमढ़ी रोड स्थित स्टेशन रोड थाने में थाना प्रभारी महेंद्र सिंह बघेल एवं एसडीओ पुलिस के द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। तथा सभी को सुरक्षा मुहैया कराने का संकल्प दिलाया गया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी लायसेंस धारियों ने परंपराओं को जीवित रखने में सहायक बनते हुए। शस्त्र पूजन की परंपरा का निर्वहन किया गया। इसके बाद दोनों थाने में हर्ष फायरिंग भी की गई।इस दौरान पुलिस प्रसाशन के अलावा अन्य सभी जनप्रतिनिधियों ने एक दूसरे को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं बधाई दी गई। वैदिक मंत्रों से माता काली का पूजन किया गया। शस्त्र पूजन प्रतिकात्मक रूप से नीबू की बलि का परंपरा निभाई। दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजन एवं वाहन पूजा अर्चना की परंपरा अनेकानेक पीढ़ियोंसे चली आ रही है। शक्ति साहश समर्पण के संदेश के तौर पर देखा गया। इस अवसर पर वाहनों कि पूजन भी किया गया। जिसमें हर पुलिस अधिकारी जनसुरक्षा के दायित्व को पूरा करने की जिम्मेदारी लेते हैं।

धर्म रक्षा और शक्ति के संकल्प के साथ राजपूत समाज व करणी सेना ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



विजयादशमी पर राजपूत समाज और करणी सेना परिवार ने सूरजगंज स्थित सरला मंगल भवन में शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर शस्त्रों का पूजन मां दुर्गा के शक्ति स्वरूप के रूप में करते हुए धर्म, संस्कृति और समाज की रक्षा के संकल्प को स्मरण किया गया। आयोजन में विजयादशमी के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए शस्त्र पूजन की परंपरा का निर्वहन किया गया।

भारतीय संस्कृति में विजयादशमी को असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। इस दिन शस्त्र पूजन की परंपरा शक्ति, साहस, शौर्य और कर्तव्य के प्रति समर्पण का संदेश देती है। राजपूत समाज में शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। इसे केवल शस्त्रों की पूजा तक सीमित नहीं माना जाता, बल्कि धर्म की रक्षा, अन्याय का विरोध और समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के संकल्प के रूप में भी देखा जाता है।

राजपूत समाज और करणी सेना परिवार ने विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और गौरवशाली विरासत के प्रति आस्था व्यक्त की। मां दुर्गा को शक्ति और साहस का प्रतीक मानते हुए समाज की एकता, धर्म-संस्कृति की रक्षा और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की परंपरा यह प्रेरणा देती है कि शक्ति का उपयोग सदैव धर्म, न्याय और कमजोर की रक्षा के लिए होना चाहिए। शस्त्र के साथ शास्त्र के महत्व को स्वीकार करते हुए समाज में अनुशासन, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बनाए रखना भी आवश्यक है। पूजन में बड़ी संख्या में करणी सेना परिवार एवं राजपूत समाज के युवा एवं वरिष्ठजन मौजूद रहे।

दशहरा पर्व पर विशेष रूप से शमी के पौधे असता के पौधों का पूजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया दशहरा पर्व का विशेष महत्व होता है।शुभ मुहूर्त भीहोता है।इस दिन वगैर मुहूर्त के मुहुर्त बनता है। शास्त्र के अनुसार जब पांडवों को वनवास दिया गया था।तब पांडवों ने अपने हाथों से अपने अस्त्र शस्त्र सभी शमी के पेड में छिपाकर रखे हुए थे। लेकिन जब महाभारत का युद्ध हुआ था।उस समय पांडवों ने दशहरा पर्व पर हि शमी के पेड़ से अपने अस्त्र शस्त्र वापिस लिए थे। तथा दुसरी तरफ यह भी उल्लेखनीय है कि भगवान राम ने भी लंका में प्रवेश करने के पूर्व शमी के पेड़ का ही पूजन किया गया था।वह भी दशहरा के दिन ही रावण का वध करके विजय हासिल की थी।इस तरह से अनेकानेक कथाएं प्रचलित है। इसलिये दशहरा पर्व पर विजय मुहूर्त में ही शमी के पौधे का पूजन किया जाता है।तथा सभी लोग उस दिन शमी का पत्र भगवान शिव को समर्पित करते हैं। फिर असता के पेड़ का पूजन कर एक दूसरे को कजलियों की तरह सोना के रूप में बांटा जाता है। ठीक इसी तरह से अनेकानेक जगहों पर सभी घरों में या जहां पर भी शमी के पौधे लगाए गए हैं। वहीं पर लोगों ने पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधे को सजाया गया था। कच्चे धागे से लपेट कर परिक्रमा करते हुए कहा कि यह। सत्य पर विजय हासिल का प्रतीक है। फिर लोगों ने शाम को नीलकंठ महादेव के दर्शन भी किए गए।

बस स्टैंड के मुद्दे पर सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग, निकली जनआक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी गज्जू के नेतृत्व में मंगलवार को इटारसी में पुराने बस स्टैंड पर बसों के 5 मिनट के पिक एंड ड्रॉप स्टॉपेज की मांग को लेकर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर बाजार में जनआक्रोश रैली निकाली गई। लगभग तीन घंटे तक चले प्रदर्शन में कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष शुभम वालिया और नगर अध्यक्ष विशाल तिलोतिया, सेवादल जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष नेहा चावरे, पूर्व महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष पार्षद सीमा भदोरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम गांधी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, व्यापारियों और आम नागरिकों ने भाग लेकर बस स्टैंड से जुड़े आदेश के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि वे नए बस स्टैंड का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि पुराने बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा के लिए बसों का 5 मिनट का पिक एंड ड्रॉप स्टॉपेज जारी रखने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पुराने बस स्टैंड पर बसों का ठहराव बंद होने से विद्यार्थियों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और रोजाना यात्रा करने वाले नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान भाजपा सरकार और प्रशासन के रवैये के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुराने बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए बस स्टॉपेज बहाल करने की मांग उठाई गई।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शहर के विकास के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखना भी आवश्यक है। यदि किसी व्यवस्था में बदलाव से आम लोगों को परेशानी हो रही है, तो प्रशासन को जनभावनाओं को समझते हुए समाधान निकालना चाहिए। रैली और पुतला दहन के माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन तक अपना संदेश पहुंचाने का प्रयास किया कि नए बस स्टैंड के साथ पुराने बस स्टैंड पर पांच मिनट का पिक एंड ड्रॉप स्टॉपेज भी शुरू किया जाए, ताकि विकास के नाम पर आम जनता को आवागमन की परेशानी न उठानी पड़े। प्रदर्शन में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संतोष गुरयानी, मोहन झलिया, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, राकेश चंदेल, प्रवीण गांधी, विजय बाबू चौधरी, मुकेश गांधी, लच्छू राजवंशी, भवानी कहर, संतोष चौरे, सतीश पराशर,अनिल सोनकिया, नदीम भाई सहित अनेक कांग्रेसजन, व्यापारी और आम नागरिक शामिल हुए।

आज 21 अक्टूबर को लीला विराम दिवस पर होगा सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन

संजीवनी बूटी लाए हनुमंत लाल, बचाए भैया लक्ष्मण के प्राण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा रामलीला मंच पर श्री राम प्रसंगों पर आधारित लीलाओं का मंचन जारी है। जिसमें सोमवार रात लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकरण वध लीला का मंचन किया गया। कल 22 अक्टूबर को लीला का विश्राम होगा।

श्रीराम नाट्य समिति अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि अतिथि रूप में समिति संरक्षक चौधरी राजेंद्र सिंह, मार्गदर्शकद्वय मंगल सिंह रघुवंशी एवं कृष्णा पालीवाल, मधुर मिलन दशहरा समिति पूर्व अध्यक्ष उमेश रघुवंशी, टैक्स बार एसोसिएशन जिला मीडिया प्रभारी बृजेश सोनी, भाजपा नेता अमित चौरसिया उपस्थित थे। श्री गणेश पूजन के बाद मंचन प्रारंभ हुआ। जिसमें मेघनाथ एवं लक्ष्मण युद्ध की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मेघनाथ ने अचूक शक्ति बाण के प्रयोग से भैया लखन लाल को मरणासन्न कर दिया। वैद्य के परामर्श पर महावीर हनुमंत लाल संजीवनी बूटी लेकर आए एवं भैया लखनलाल के प्राण बचाए। इसके बाद रावण द्वारा कुंभकरण को जगाने, कुंभकरण द्वारा रावण को समझाने एवं श्रीराम-कुंभकरण युद्ध लीला मंचित की गई। वहीं सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्रश्नों के सही उत्तर मिलने पर संजू मेहरा द्वारा अपने पिता स्वर्गीय नर्मदा प्रसाद मेहरा की स्मृति में विजेताओं को सुंदरकांड की प्रतियां पुरुस्कार में दी गई।

सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजन आज



आज मंचन नहींहोगा, लेकिन सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी बुधवार रात्रि आठ बजे से रामलीला मंच पर होगी। जिसमें श्रीरामचरितमानस, श्रीमद्भागवत महापुराण, महाभारत, वेद-पुराण, हिंदू देवी-देवता एवं भारतीय संस्कृति संबंधित सवाल पूछे जाएंगे। प्रतिभागी के लिए आयु का कोई नियम नहीं होगा। प्रतिभागी अपना नाम, पता, विद्यालय/महाविद्यालय का नाम एवं मोबाइल नंबर देकर अधिवक्ता शिवकुमार पटेल के मोबाइल नंबर 94250-41915 पर पंजीयन करा सकते हैं। विजेता प्रतिभागियों को सनातन संस्कृति संबंधी साहित्य पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजन का ध्येय वाक्य सनातन का ज्ञान एवं संस्कृति का सम्मान है।

22 अक्टूबर को विश्राम

श्रीराम नाट्य समिति के अनुसार दशहरे पर रावण वध हुआ है एवं इस वर्ष लीला मंचन का विश्राम 22 अक्टूबर 2026 को श्रीराम राज्याभिषेक से होगा। जिसके उपरांत पात्र सम्मान समारोह होगा। जिसमें स्वर्गीय नवीन साहू की स्मृति में उनके भ्राता प्रवीण साहू द्वारा पात्रों को स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे। वहीं स्वर्गीय चंद्रगोपाल अग्रवाल की स्मृति में उनके पुत्र व्यापारी मनोज अग्रवाल द्वारा सभी पात्रों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

अर्चना दुर्गा उत्सव परिवार द्वारा की गई महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नवरात्रि पर्व दौरान अष्टमी तिथि से विजयादशमी तक विविध दुर्गोत्सव समितियों द्वारा महाआरती आयोजन किए गए।

इसी क्रम में बिहारी चौक स्थित अर्चना दुर्गा उत्सव परिवार द्वारा सोमवार रात महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

खबर संक्षेप



गरबा प्रतियोगिता में उमड़ रहा जनसैलाब

झिरन्या। आभापुरी सरकार धाम के संत मंशाजी महाराज के सानिध्य में नवदुर्गोत्सव पर 11 से 25 अक्टूबर तक आयोजित गरबा प्रतियोगिता में जनसैलाब उमड़ रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 21 लाख सहित 10 प्रतियोगियों को 46.50 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि दूसरी ओर लक्की ड्रा कूपन पर इनोवा क्रिस्टा कार भी प्रदान की जाएगी। आयोजक मंशाजी महाराज ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 21 लाख, द्वितिय 9 लाख, तृतीय 6 लाख और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 7 दलों में प्रत्येक को 1.50 लाख (10.50 लाख पुरस्कार दिए जाएंगे। सोमवार तक 50 गरबा दल प्रदर्शन कर चुके हैं, जिसमें 18 दल फायनल में प्रवेश कर चुके हैं।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

हरदा। सोमवार को सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम उड़ा के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सिटी कोतवाली थाने के एएसआई कपिल अग्रवाल ने बताया कि हरदा से इटारसी की ओर जाने वाले रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला है। उसकी उम्र 50 से 55 साल के बीच है। मृतक के पास कोई टिकट या अन्य सामान नहीं मिला। पुलिस को आशंका है कि किसी तेज रफ्तार ट्रेन से गिरने से उसकी मौत हुई होगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। शव को मर्चुरी में रखकर उसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया है।

सीवन पुत्र नहीं रहने देंगे सीवन में जलकुंभी

सीहोर। सीवन पुत्र टीम सीवन की सबसे बड़ी समस्या जलकुंभी के समाधान हेतु जलकुंभी निकालो अभियान शुरू हुआ,साल भर नदी जल के उद्देश्य को लेकर सीवन पुत्र टीम ने सीवन नाव पूजा का आयोजन किया । सबसे पहले सीवन पुत्र गोपाल आर्य,कानीराम मालवीय,शैलेन्द्र सिंह चंदेल,प्रकाश यादव ने घाट की सफाई की एवं कचरा नदी से बाहर निकला, इस बीच सीवन नाव को फूलों से एवं तिरंगा लगाकर सजाया गया,जिसमें बच्चों को बैठाया गया । सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि इस समय जलकुंभी जल की ऊपरी सतह पर है और आसानी से निकल सकती है लेकिन कुछ महीनों बाद ये अपनी जड़ पकड़ने लगेगी..और जल को ढककर ऊपर जाएगी जहां एक बूंद पानी नजर नहीं आयेगा,जीव जंतु पशु पंछी आदि को पानी की समस्या से जूझना पढ़ेगा साथ ही पीने की जल की समस्या होगी,बोर,नलकूप कुआं बावड़ी सुख जायेंगे,आदि दूषित दिखेगी और विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धाओं को जल उपलब्ध नहीं होंगा।

नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया

बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ नशे पर प्रहार, 'नशे के रावण' का दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

हरदा। विजयादशमी के अवसर पर मेरा युवा भारत ने समाजसेवी गीता पांडेय के साथ मिलकर नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। ह्यनशे के रावणह्ल के प्रतीकात्मक दहन के माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में माय भारत की जिला युवा अधिकारी श्रद्धा मित्तल ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक व्यक्ति या संस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नशामुक्त समाज का निर्माण सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि युवाओं और आम नागरिकों को साथ लेकर नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

समाजसेवी गीता पांडेय ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों और समाज के भविष्य को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए समाज में जागरूकता फैलाना जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में माय भारत के युवा स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग दिया। स्वयंसेवकों ने आयोजन की व्यवस्थाएं संभालने के साथ नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं ने नशे से दूर रहने और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। विजयादशमी पर आयोजित इस पहल के माध्यम से संदेश दिया गया कि जिस तरह रावण के दस सिर बुराइयों के प्रतीक माने जाते हैं, उसी तरह नशे की लत भी व्यक्ति, परिवार और समाज को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। युवाओं की ऊर्जा को खेलकूद, सामाजिक सेवा, रचनात्मक गतिविधियों और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाने की अपील की गई। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित



हरदा। विजयादशमी पर मंगलवार को पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, कलेक्टर कुमार सत्यम और पुलिस अधीक्षक शशांक ने विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा की। इस दौरान जिले में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की परंपरा को शक्ति, साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है। पुलिस विभाग में यह आयोजन शस्त्रों के सम्मान और जनसुरक्षा के दायित्व की याद दिलाता है। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर कुमार सत्यम और एसपी शशांक ने पुलिस वाहनों का भी पूजन किया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीएम शैलेंद्र बड़ैनिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

शारदीय नवरात्रि का समापन

नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शारदीय नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक भक्तों ने माता के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की। मंगलवार को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता की विदाई दी। महिलाओं ने सिंदूर खेला कर अखंड सुहाग की कामना की। इसके बाद गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

जिले में 200 से ज्यादा स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। कई पूजा समितियों ने सजे हुए वाहनों से प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया। विसर्जन जुलूस में भक्त डीजे पर थिरकते और महिलाएं गरबा करती नजर आईं। इसके बाद प्रतिमाओं का विसर्जन नर्मदा तट पर बने कुंडों में किया गया। शहर की अजनाल नदी के तट पर बनाए गए विसर्जन कुंड पर मंगलवार दोपहर तक एक भी दुर्गा प्रतिमा नहीं पहुंची। प्रशासन ने यहां होमगार्ड और पुलिस जवानों की तैनाती की थी। शहर की अधिकांश समितियों ने जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर हंडिया का रुख किया। समितियों ने नर्मदा नदी के तट या आसपास के अन्य घाटों पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया। हंडिया में प्रशासन ने क्रेन की मदद से दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जन कुंड में उतारा।

भगवानदास गौर बने पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री



हरदा। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने भगवानदास गौर को भाजपा पिछड़ा मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया है। गौर लंबे समय से संगठन और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े गौर ने भारतीय किसान संघ में भी लंबे समय तक कार्य किया है। इसके अलावा भाजपा में बूथ अध्यक्ष से लेकर किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। पार्टी के प्रति समर्पण, संगठनात्मक अनुभव और सक्रियता को देखते हुए उन्हें पिछड़ा मोर्चा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से जिले में पिछड़ा वर्ग के बीच संगठन को और मजबूत करने तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के प्रयासों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। गौर की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों और समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

शरद पूर्णिमा भौतिक संपन्नता और आंतरिक चेतना के जागरण का पर्व

रविवार 25 अक्टूबर को मनाया जाएगा शरद पूर्णिमा पर्वः पंडित सुनील शर्मा



सीहोर । अमृत वर्षा, आरोग्य और मां लक्ष्मी की कृपा का पावन पर्व आश्विन मास शुक्ल पक्ष की शरद पूर्णिमा इस वर्ष 25 अक्टूबर, रविवार को मनाई जाएगी। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार, सनातन पंचांग और आध्यात्मिक परंपरा में वर्षभर आने वाली सभी पूर्णिमा तिथियों में शरद पूर्णिमा का स्थान सर्वोपरि और अद्वितीय माना गया है। शरद पूर्णिमा की रात्रि को आरोग्य और मनुष्य की आंतरिक चेतना के जागरण का काल माना जाता है। इस बार शरद पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर को सुबह 11:55 बजे से प्रारंभ होगी, जो 26 अक्टूबर, सोमवार को सुबह 9:40 बजे तक रहेगी। धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि माता भगवती महालक्ष्मी के ध२ावतरण की रात्रि है। इस विशेष निशा में धन की अधिष्ठात्री देवी मां भगवती महालक्ष्मी अपने वाहन पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर भ्रमण करती है । श्रद्धालु शरद पूर्णिमा की रात्रि में जागरण, भजन-कीर्तन और मां लक्ष्मी की अनन्य साधना करते हैं माता लक्ष्मी उनके घर में सदा-सदा के लिए स्थायी निवास करती हैं और उनके जीवन को सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य और वैभव से परिपूर्ण कर देती हैं।

चंद्रमा की सोलह कलाएं और अमृत वर्षा का आध्यात्मिक रहस्य

शरद पूर्णिमा की रात का आध्यात्मिक और ब्रह्मांडीय रहस्यों से गहरा नाता है। इस रात्रि को चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होकर पृथ्वी के सबसे निकट होता है। आध्यात्मिक दृष्टि से जब चंद्रमा अपनी पूर्ण सोलह कलाओं में होता है, तो उसकी किरणें औषधीय गुणों और अमृततुल्य ऊर्जा से भर जाती हैं। शरद पूर्णिमा की रात को गौमाता के शुद्ध दूध से बनी खीर को खुले आसमान के नीचे मिट्टी के पात्र में रखा जाता है। चंद्रमा की अमृतमयी किरणें जब इस खीर पर पड़ती हैं, तो यह साधारण भोजन न रहकर एक दिव्य औषधि बन जाती है। उक्त खीर का सेवन करने से शारीरिक व्याधियां और बीमारियां शांत होती हैं, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता इम्यूनिटी में वृद्धि होती है।

शरद पूर्णिमा के विशेष आध्यात्मिक उपाय

पंडित सुनील शर्मा के अनुसार शरद पूर्णिमा के प्रदोष काल में जगतपालक भगवान श्रीविष्णु, माता लक्ष्मी और गौमाता का विधिवत पूजन कर गाय के दूध से बनी सफेद खीर अथवा मखाने की खीर का भोग लगाना अत्यंत शुभ माना जाता है। रात्रि को कनकधारा स्तोत्र, श्री सूक्त और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना परम फलदाई माना गया है यह पाठ साधक के जीवन में आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ भौतिक समृद्धि प्रदान करता है शरद पूर्णिमा भौतिक संपन्नता के साथ-साथ हमें अपनी आंतरिक चेतना और आत्मा को भी जाग्रत करना चाहिए। इस पावन रात्रि को अधिक से अधिक समय जप, ध्यान में व्यतीत करें।

सीहोर में तेज हवाओं के साथ बारिश लोगों को गर्मी, उमस से मिली राहत किसान की फसलों को भी फायदा



सीहोर। नगर और आसपास के इलाकों में सोमवार दोपहर मौसम अचानक बदल गया। दोपहर 3 बजे तक लोग तेज गर्मी और उमस से परेशान थे। ठीक 3:10 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे शहरवासियों को गर्मी से राहत मिली।

दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। कुछ ही देर में तेज पानी गिरने से मौसम अच्छा हो गया। तापमान में भी कमी आई, जिससे लोगों ने राहत महसूस की। सीहोर जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। रविवार को सीहोर नगर में रुक-रुक कर हल्की फुहारें गिरी थीं। इससे पहले ग्रामीण इलाकों में भी तेज बारिश हुई थी। इस लगातार हो रही बारिश से उमस भरी गर्मी से छुटकारा मिल गया है। किसान और आम नागरिक भी खुश हैं। मौसम विभाग का कहना है कि इस बदलाव से सीहोर के तापमान में और गिरावट आ सकती है।

चांदी में इस सप्ताह 10450 रुपए किलो की गिरावट

सीहोर। नवरात्र के साथ शुरू हुआ चांदी के भाव में गिरावट के दौर से ग्राहकों में खुशी है। एक दिन पहले शनिवार को भाव में सीधे 10 हजार रुपए की गिरावट आई और भाव 2 लाख 11 रुपए प्रति किलो आ गए। सराफा व्यापारियों के अनुसार एक सप्ताह में ही 10 हजार 450 रुपए की गिरावट हुई है। इधर चांदी में भले ही गिरावट का दौर जारी है। लेकिन सोने के स्थिर बने हुए हैं। ऐसे में सोना 1 लाख 46 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम बिका। वहीं जेवराती सोना 1,35,072 रुपए प्रति दस ग्राम बिका। एक दिन पहले भी यही भाव थे।

फर्ज़ी वीजा और माइग्रेशन एजेंसियों से सतर्क रहें नागरिक

सीहोर। विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एडवाइजरी जारी कर विदेशों में रोज़गार और निवास वीज़ा दिलाने के नाम पर सोशल मीडिया पर सक्रिय फ़र्ज़ी वीज़ा एवं माइग्रेशन एजेंसियों से नागरिकों को पूरी तरह सतर्क रहने की सलाह दी गई है। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास और दुबई एवं उत्तरी अमीरात स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट जनरल) को भारतीय नागरिकों से ऐसी कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें भारत से बाहर (संयुक्त अरब अमीरात सहित) संचालित निजी एजेंसियों द्वारा धोखाधड़ी किए जाने के मामले सामने आए हैं। यह एजेंसियाँ सोशल मीडिया पर आकर्षक विज्ञापन देकर विभिन्न देशों में नौकरी या निवास वीज़ा दिलाने का झूठा दावा करती हैं। आवेदकों से भारी शुल्क वसूलने के बाद न तो कोई वीज़ा या सेवा प्रदान की जाती है और न ही धनराशि लौटाई जाती है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे केवल सोशल मीडिया विज्ञापनों के आधार पर कोई निर्णय न लें और भारत के बाहर से कार्य कर रही निजी एजेंसियों पर बिना गहन जाँच-पड़ताल के भरोसा न करें।

बदलते मौसम में निमोनिया से बचाव व उपचार की दी सलाह

सीहोर। बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आम जनों को सलाह दी है कि निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं एसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अवगत किया गया है। जिससे कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। निमोनिया फेफड़े का संक्रमण है। जिससे फेफड़ों में सूजन हो जाती है। निमोनिया होने पर बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

दुर्गा वाहिनी की बहनों ने किया शस्त्र पूजन शस्त्र प्रदर्शन कर दिखाया आत्मरक्षा का कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी





विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति के संयुक्त तत्वावधान में जिला बुधनी के बिजासन प्रखंड अंतर्गत नगर रेहटी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में शस्त्र पूजन एवं शस्त्र प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दुर्गा वाहिनी की बहनों ने शस्त्रों का पूजन करने के साथ ही विभिन्न शस्त्रों का संचालन कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान दुर्गा वाहिनी की बहनों ने शस्त्र संचालन का प्रदर्शन करते हुए आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता और साहस का परिचय दिया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं एवं युवतियों में आत्मविश्वास, साहस और आत्मरक्षा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका बहन आरती यदुवंशी, जिला मातृशक्ति संयोजिका ममता सेंगर, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिला मंत्री राजू भाई जाट, जिला सहमंत्री धर्मेंद्र नागर, जिला संयोजक लल्ला यादव तथा जिला सुरक्षा प्रमुख मोनू हिंदू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शस्त्र पूजन में सहभागिता की। राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा किए गए शस्त्र प्रदर्शन ने आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन धार्मिक एवं संगठनात्मक वातावरण में हुआ।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लोगों को साफ-सफाई और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के प्रति किया जागरूक



सीहोर। स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 16 अक्टूबर 2026 को सीहोर प्रधान डाकघर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय, नारों और गीतों के जरिए आम नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने डाकघर में उपस्थित ग्राहकों एवं स्थानीय नागरिकों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

इस अवसर पर सीहोर डाकघर अधीक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। घर, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखकर ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। आयोजन में डाक विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अपने कार्यस्थल और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। भारतीय डाक विभाग, सीहोर की यह पहल स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने और नागरिकों को जागरूक करने की दिशा में सराहनीय प्रयास रही।